



# एनएच-30 तमसा पुल पर मौत का अंधेरा, हर रात दांव पर सैकड़ों जाने

## मवेशी बन रहे सड़क दुर्घटना का कारण, पर्याप्त रोशनी की नहीं है व्यवस्था



**नवभारत न्यूज**
**चाकघाट, 23 जुलाई, रीवा-प्रयागराज को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर तमसा नदी के पुल की सुरक्षा व्यवस्था इन दिनों भगवान भरोसे नजर आ रही है. बरसात के मौसम में पुल पर लगी अधिकांश स्ट्रीट लाइटें रात के समय बंद रहती हैं, जिससे पूरा पुल अंधेरे में डूब जाता है. स्थिति तब और गंभीर हो जाती है, जब रात में आवारा मवेशी पुल पर ही बैठ जाते हैं.**

ऐसे में तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों के सामने अचानक मवेशी आ जाने से दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है. स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह पुल जिले के सबसे व्यस्त मार्गों में शामिल है. इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन, यात्री बसें, एंबुलेंस, ट्रक और अन्य भारी वाहन गुजरते हैं. बावजूद इसके पुल पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं है. बरसात के दौरान हल्की बारिश या नमी के कारण सड़क फिसलन भरी हो जाती है और अंधेरे के कारण वाहन चालकों को सामने का दृश्य स्पष्ट दिखाई नहीं देता. राहगीरों के अनुसार रात के समय पुल पर बैठे मवेशी दूर से दिखाई नहीं देते. कई बार वाहन चालक अचानक ब्रेक लगाने को मजबूर हो जाते हैं, जिससे पीछे आ रहे वाहनों के टकराने की संभावना भी बढ़ जाती है. दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति सबसे अधिक खतरनाक बनी हुई है.

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुल पर लगी स्ट्रीट लाइटों की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा न तो मरम्मत कराई जा रही है और न ही नियमित निरीक्षण किया जा रहा है. यदि समय रहते व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो किसी भी दिन बड़ा सड़क हादसा हो सकता है. नागरिकों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण इस मार्ग से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के बीच लगातार वाहनों का आवागमन रहता है. ऐसे में पुल जैसी संवेदनशील जगह पर प्रकाश व्यवस्था का ठप होना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है. लोगों ने प्रशासन, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और संबंधित विभाग से मांग की है कि पुल की सभी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल चालू कराया जाए, आवारा मवेशियों को पुल से हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए तथा रात्रि के समय नियमित निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी संभावित बड़े हादसे को समय रहते रोका जा सके.



# गंदगी फैलाने वालों एवं डस्टबिन न रखने वाले प्रतिष्ठानों पर हुई चालानी कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 23 जुलाई, निगम आयुक्त अक्षत जैन के निर्देशानुसार शहर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु नगर निगम रीवा द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है. इसी क्रम में निगम की स्वच्छता टीम द्वारा गुरुवार को सिरमौर चैराहा एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया.**

अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने, नालियों में अपशिष्ट डालने, सड़क किनारे गंदगी फैलाने तथा दुकानों एवं प्रतिष्ठानों में डस्टबिन की व्यवस्था न रखने वालों पर मौके का जायजा लिया गया. नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध मौके पर ही कुल रूपये 10000 की स्पॉट फाइन वसूल की गई तथा साथ ही निगम की टीम द्वारा अनूठी पहल करते हुए दर्जनों दुकानदारों को डस्टबिन वितरित किए गए एवं नियमित रूप से डस्टबिन उपयोग करने की समझाइश दी गई.

इस दौरान उपस्थित निगम कर्मचारियों ने व्यापारियों एवं नागरिकों को अवगत कराया कि प्रत्येक दुकान एवं प्रतिष्ठान में डस्टबिन रखना अनिवार्य है. दुकानदारों से अपेक्षा की गई कि वे कचरे को निर्धारित डस्टबिन में ही एकत्र करें, नागरिकों को भी डस्टबिन के प्रयोग हेतु प्रेरित करें तथा नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहन में ही दें. कार्रवाई के दौरान स्वच्छता निरीक्षक महादेव राठौर, मिथिलेश मिश्रा, वार्ड दरोगा मौजूद रहे.

# बीमारियों की दी गई जानकारी

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 23 जुलाई, मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा द्वारा बारिश के मौसम में जलजनित बीमारियों को लेकर एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया.**

संगोष्ठी कार्यक्रम में माँ सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया, महासभा की 'प्रांतीय अध्यक्षा श्रीमती मीना बंसल का स्वागत किया गया. स्वागत पश्चात सभी महिलाओ ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये. श्रीमती मीना बंसल ने जानकारी देते हुए बताया जागरूकता के अभाव में बीमारियां घर में दस्तक देती हैं बारिश के दिनों में दूषित जल पीने और मच्छरों के काटने से डेंगू, टाइफाइड और मलेरिया जैसी बीमारियों के फैलने की आशंका बहुत बढ़ जाती है. उन्होंने महिलाओं से अपील की है कि वे घरों में पानी जमा न होने दें, उबला हुआ पानी पिएं और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें.

यह संगोष्ठी मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मित्तल के निर्देश पर आयोजित की गई, संभागीय अध्यक्ष श्रीमती गीता अग्रवाल जिला अध्यक्ष श्रीमती नम्रता अग्रवाल महामंत्री राखी अग्रवाल, गीता अग्रवाल, रिशु, सुनीता चमडिया सहित समाज की अन्य सदस्य महिलाएं उपस्थित रही. कार्यक्रम के अंत में महिलाओं को बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए और पर्चे भी वितरित किए गए. रीवा में मध्य प्रदेश अग्रवाल महिला महासभा ने बारिश के मौसम में फैलने वाली बीमारियों को लेकर जागरूकता संगोष्ठी की. प्रांतीय अध्यक्षा श्रीमति मीना बंसल ने कहा कि दूषित पानी और मच्छरों से डेंगू, टाइफाइड और मलेरिया का खतरा बढ़ जाता है.

# टीएल प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण करें : संजय



**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 23 जुलाई, कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई.**

बैठक में शासन की प्राथमिकता वाले विषयों एवं विभिन्न विभागों के कार्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने कहा कि आमजन से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें.

कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय-सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों तथा 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों की विभागवार स्थिति पर चर्चा करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए.

सीएम हेल्पहलाईन की लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये. कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों और नॉन अटेंड शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करें.

कलेक्टर ने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने, कुपोषण की रोकथाम तथा मानसून के दौरान डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ काम करें. उन्होंने आवश्यक दवाओं, जांच एवं उपचार की समुचित व्यवस्था बनाए रखने तथा जनजागरूकता गतिविधियों में गति लाने के निर्देश दिए. बैठक में अपर कलेक्टर पीके पांडेय, एसडीम हनुमना राजेश मेहता, एसडीम मऊगंज एपी द्विवेदी, सहित अधिकारी उपस्थित रहे.



गार्ड ऑफ ऑनर देते सेना के जवान

# एफटीके किट से पेयजल परीक्षण एवं जल सुरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण



**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 23 जुलाई, जलजनित बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से कलेक्टर के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत मुड़िला के ग्राम रिमारी वरैयान में फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से पेयजल परीक्षण एवं जल सुरक्षा विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया.**

प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को एफटीके किट के माध्यम से पेयजल की गुणवत्ता जांचने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया. उन्हें जल परीक्षण की वैज्ञानिक प्रक्रिया, परीक्षण परिणामों की पहचान तथा जल गुणवत्ता की नियमित निगरानी के महत्व की जानकारी दी गई. साथ ही जल स्त्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने एवं सुरक्षित पेयजल के उपयोग के प्रति जागरूक किया गया. कार्यक्रम में जलजनित बीमारियों के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई. उपस्थित ग्रामीणों से अपील की गई कि वे पेयजल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखें तथा दूषित जल के उपयोग से बचें, जिससे मौसमी एवं जलजनित बीमारियों की प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित की जा सके. कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की सहभागिता रही.

# गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी गई अंतिम विदाई

**नवभारत न्यूज**
**हनुमना, 23 जुलाई, कर्नाटक में नेवी में पेट्टी ऑफिसर के पद पर रहते हुए अपनी सेवाएं दे रहे हनुमना नगर के वार्ड क्रमांक 3 के निवासी फैज हुसैन के चिकित्सा के दौरान बेंगलुरु में निधन हो गया था.**

गृह ग्राम में नेवी के जवानों द्वारा प्रशासन की उपस्थिति में दिए गए गार्ड ऑफ ऑनर एवं सुपुर्द ए खाक के समय फायरिंग कर दी गई सलामी व नमाज अदाकर नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई. उल्लेखनीय है कि 20 जुलाई को नेवी में पेट्टी ऑफिसर फैज हुसैन का चिकित्सा के दौरान बेंगलुरु में निधन हो गया था वह कर्नाटक नेवी में 2002 से अपनी सेवाएं दे रहे थे बताया जाता है कि वह मुख कैंसर से पीड़ित थे. उनके जनाजे को 22 तारीख को 9:00 बजे बेंगलुरु से चलकर दोपहर 12:00 वायुयान द्वारा वाराणसी लाया गया जहां से सड़क मार्ग से एम्बुलेंस से शाम 4:00 बजे हनुमना लाया गयाथा. दूसरे दिन आज 23 जुलाई 26 गुरुवार को जबलपुर से नौसेना के अधिकारी तथा पेटी ऑफिसर एवं पूर्व सैनिक परिषद के रीवा मऊगंज जिले के पदाधिकारी हनुमना एसडीएम राजेश मेहता की उपस्थिति में भारी संख्या में उपस्थित जन सैलाब के साथ अंतिम यात्रा उनके घर से निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए कब्रिस्तान पहुंची. जहां सर्वप्रथम पुष्प चक्र क्रमशः और रासायनिक परिषद एसडीएम राजेश मेहता तथा नगर परिषद हनुमना के अध्यक्ष सोनू आशुतोष गुप्ता एवं सब लेफ्टिनेंट पी जी सुरेशके द्वारा समर्पित कर श्रद्धांजलि गई. पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता संपति दास गुप्ता भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला शिवदत्त मिश्रा एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष निलेश केसरी आदि मौजूद रहे.

# किसान 31 तक करा सकते हैं फसल बीमा

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 23 जुलाई, फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है. जिले के किसान निर्धारित तिथि तक फसल बीमा का पंजीयन करा सकते हैं. उप संचालक कृषि यूपी बागरी द्वारा बताया गया कि खरीफ मौसम में फसलों का फसल बीमा प्रारंभ है.**

इस वर्ष मौसम और बारिश का चक्र प्रभावित हो रहा है. सभी किसानों को सलाह दी गई है कि अपनी फसल का बीमा अवश्य करवायें. जिससे उन्हें विपरीत मौसमीय प्रभावों से हुई फसल हानि के दृष्टिगत शासन की ओर से मिलने वाला नियमानुसार लाभ मिल सके. उल्लेखनीय है कि वर्तमान में खरीफ मौसम 2026 में अधिसूचित फसलों के लिये कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि तिल के लिये 570 रुपये, मक्का 634 रुपये, धान सिंचित के लिये 886 रुपये व धान असिंचित 632 रुपये, उडद के लिए 598 रूपये, मूंग के लिए 682 रुपये तथा अरहर के लिये 778 रुपये प्रति हेक्टर निर्धारित किया गया है. उप संचालक ने बताया कि ऋणी किसान बैंक में जाकर बुआई प्रमाण-पत्र के माध्यम से फसलों का बीमा करायें एवं अऋणी किसान अपने निकटतम बैंक शाखा, सहकारी समिति, जन सेवा केंद्र, सी.एस.सी. एवं कृषक स्वयं भी राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते हैं. अतिरिक्त जानकारी के लिए टोल फ्री नं. 14447 पर कॉल किया जा सकता है.

# रोजगार मेले में 158 युवाओं को मिला रोजगार

**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 23 जुलाई, उप संचालक रोजगार ने बताया कि बुधवार को युवा संगम कार्यक्रम के अन्तर्गत मऊगंज कलेक्टर संजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में शासकीय ठाकुर सोमेश्वर सिंह महाविद्यालय नईगढ़ी जिला मऊगंज में रोजगार मेला आयोजित किया गया.**

मेले में 282 आवेदकों ने पंजीयन कराया. मेले में शामिल 10 कंपनियों के लिए 158 युवाओं का चयन किया गया. उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में शामिल कंपनी टाटा मोटर्स अहमदाबाद गुजरात में 28, एमआरएफ टायर्स गुजरात में 4, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा में 23, यूनो मिंडा ईवी सिस्टम गुरूग्राम हरियाणा में 27, बजाज लाइफ इंश्योरेंस रीवा में 13, सीआईआई-एमसीसी इंदौर में 12, विजन इंडियो लि. रीवा में 21, शक्ति पंप इंडिया लि. पीथमपुर में 13, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार में 6 तथा एस्क्लेपियस वेलनेस प्रा. लि. रीवा में 11 युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये गये.

# मऊगंज में भ्रष्टाचार के खिलाफ गरजा अगस्त क्रांति मंच

## बैरिकेडिंग पर भड़के कुंज बिहारी तिवारी



**नवभारत न्यूज**
**मऊगंज, 23 जुलाई, अगस्त क्रांति मंच के संयोजक कुंज बिहारी तिवारी के नेतृत्व में मंच के कार्यकर्ताओं एवं भ्रष्टाचार से पीड़ित नागरिकों ने विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कलेक्टर मऊगंज के नाम ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में शिक्षा, स्वास्थ्य, जल जीवन मिशन, गौशालाओं, पंचायतों, फर्जी वेंडरों, कथित भ्रष्टाचार और कानून-व्यवस्था से जुड़े अनेक मुद्दों पर कार्रवाई की मांग की गई.**

ज्ञापन देने के दौरान पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग लगाए जाने पर कुंज बिहारी तिवारी ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'आखिर प्रशासन को जनता की आवाज से डर क्यों है? यदि भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने वालों को रोका जाएगा तो इससे गलत संदेश जाएगा.

तिवारी ने कहा कि 'हर अपराध का बाप भ्रष्टाचार है. भ्रष्टाचार खत्म होगा तो विकास अपने आप होगा' उन्होंने ह्श्वश्वझ पेपर लीक प्रकरण से जुड़ी छात्रा आकांक्षा चतुर्वेदी के परिजनों को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने की मांग दोहराई. ज्ञापन में तिवारी ने आरोप लगाया कि गौशालाओं के संबंध में उपलब्ध कराए गए आंकड़ों और जमीनी स्थिति की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि यदि हजारों गौवंश गौशालाओं में दर्ज हैं तो सड़कों पर घूम रहे गौवंश का भी सत्यापन होना चाहिए. उन्होंने लालजी खरे एवं एकता खरे (बहुती) की गुमशुदगी, लैब परिचारक पंकज श्रीवास्तव की नियुक्ति, शिवराजपुर के युवक की मृत्यु की निष्पक्ष जांच, कथित फर्जी वेंडरों, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जल जीवन मिशन से जुड़े मामलों की जांच की मांग उठाई. कुंज बिहारी तिवारी ने यह भी आरोप लगाया कि जनपद पंचायत नईगढ़ी में लगभग 650 करोड़ रुपये की जीएसटी एवं रॉयल्टी चोरी से संबंधित मामलों की उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए. कुंज बिहारी तिवारी ने कहा अगर कलेक्टर महोदय भ्रष्टाचार के संरक्षक नहीं हैं तो कार्यवाही करें, अगर 31 जुलाई तक कार्यवाही नहीं होती तो 1 अगस्त से 8 अगस्त तक जनता की अदालत में और 9 अगस्त से कलेक्टर कार्यालय मऊगंज के सामने आमरण अनशन करूंगा.

ज्ञापन सौंपने के दौरान संजू पांडेय, दिलीप तिबारी, अशोक द्विवेदी, पन्नालाल तिवारी, रविलाल कोल, हिंचलाल तिवारी, रामलखन गुप्ता, ज्ञानेंद्र कुशवाह, रोहित पांडेय, रुद्र पांडेय, हर्ष सिंह सेंगर, अमित तिवारी, व्यंकटेश तिवारी, प्रशांत उपाध्याय, डॉ. कोट तथा विनोद शुक्ला सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# प्रयागराज में आयोजित हुई अग्रहरि वैश्य समाज राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक



**नवभारत न्यूज**
**चाकघाट, 23 जुलाई, अग्रहरि वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक गत दिवस चाकघाट नगर सीमा से लगे जनपद प्रयागराज के होटल कन्हा श्याम के सभागार में आयोजित की गई.**

एक दिवसीय इस बैठक में भारत देश के विभिन्न प्रांतो से आए लगभग 350 पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समाज के गणमान्य बंधु इस ऐतिहासिक बैठक में उपस्थित रहे. प्रतिनिधियों ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा, समर्पण और एकजुटता का परिचय देते हुए समाजहित को सर्वोपरि रखने के संकल्प को दोहराया. बैठक में मंचसीन राष्ट्रीय संरक्षक उत्तर प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री राधेश्याम अग्रहरि (फतेहपुर), सोमचंद अग्रहरि (कानपुर) श्याम प्रकाश (कोलकाता)एवं बलिया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति आदरणीय डॉ. संजीत गुप्ता जी एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध अग्रहरि की उपस्थित प्रमुख रही. मंचासीन अतिथियों के प्रेरणादायी विचारों से उपस्थित प्रतिनिधियों में नई ऊर्जा और सकारात्मक सोच का संचार हुआ. बैठक के दौरान संगठन द्वारा अब तक किए गए कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया. सामाजिक, शैक्षिक एवं संगठनात्मक क्षेत्रों में किए गए प्रयासों की समीक्षा करते हुए आगामी योजनाओं पर भी गंभीरता से विचार-विमर्श हुआ. प्रतिनिधियों ने भी खुलकर अपने सुझाव एवं विचार रखे, जिससे संगठन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए. कार्य समिति के उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यों ने राष्ट्र और समाज के उन्नति की दिशा में अग्रहरि समाज के सहयोग और योगदान की चर्चा की तथा राष्ट्र के उन्नयन में शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला.

बैठक में अग्रहरि समाज की युवा शक्ति को सामाजिक संगठन से जोड़ने, समाज के शैक्षिक उन्नयन, समाज की वैवाहिक समस्याओं के निदान एवं कुटुंब प्रबोधन के लिए मंच तैयार करने के साथ ही अग्रहरि समाज के लोगों की राजनीति भागीदारी बढ़ाने तथा संगठनात्मक एकता पर विचार विमर्श किया गया. इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विद्युत अग्रहरि ने समाज की एकता पर जोर देते हुए कहा कि हम एक हैं एक रहेंगे.